<table>
<tr><td colspan="3">शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली<br>अभ्यास प्रश्न पत्र<br>कक्षा - VII<br>विषय - हिन्दी</td></tr>
<tr><td colspan="3">अधिकतम अंक - 60      अवधि - 2.30 घंटे</td></tr>
<tr><td>प्रश्न सं.</td><td></td><td>प्र. x अंक</td></tr>
<tr><td></td><td>सामान्य निर्देश :-<br>1. प्रश्न पत्र दो खंडों, खंड ‘क’ और ‘ख’ में है ।<br>2. खंड ‘क’ में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए हैं ।<br>3. खंड ‘ख’ में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों में उचित आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।<br>4. दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।<br>5. यथा संभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः दीजिए ।</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>खंड - क<br>(बहुविकल्पीय प्रश्न)</td><td></td></tr>
<tr><td>प्रश्न सं 1.</td><td>निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -<br>इस तरह तीन चार दिन गुजर गए । दोनों बच्चों की जिज्ञासा दिन-दिन बढती जा रही थी । अंडों को देखने के लिए वे अधीर हो उठते थे । उन्होंने अनुमान लगाया कि अब ज़रूर बच्चे निकल आए होंगे । बच्चों के चारे का सवाल अब उनके सामने आ खड़ा हुआ ।</td><td>2x2 = 4</td></tr>
<tr><td></td><td>(i) बच्चे अधीर क्यों थे ?<br>(क) चिड़िया को देखने के लिए<br>(ख) अंडों को देखने के लिए<br>(ग) घोंसले को देखने के लिए<br>(घ) बच्चों को देखने के लिए<br>(ii) कौन सा सवाल अब बच्चों के सामने आ खड़ा हुआ ?<br>(क) चारे का<br>(ख) पानी का<br>(ग) धूप का<br>(घ) आराम का</td><td></td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न सं 2. | निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -<br>मेहनत अपनी लेख की रेखा, मेहनत से क्या डरना<br>कल गैरों की खातिर की, आज अपनी खातिर करना<br>अपना दुख भी एक है साथी, अपना सुख भी एक<br>अपनी मंजिल सच की मंजिल, अपना रास्ता नेक<br>(i) अपनी लेख की रेखा क्या है ?<br>(क) मेहनत<br>(ख) भाग्य<br>(ग) कर्म<br>(घ) डर<br>(ii) अपना एक क्या-क्या है ?<br>(क) दिन-रात<br>(ख) पाप-पुण्य<br>(ग) दुख-सुख<br>(घ) धूप-छाँव | 2x2 = 4 |
| प्रश्न सं 3. | निम्नलिखित व्याकरणिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए -<br>(i) निम्नलिखित में से व्यकिवाचक संज्ञा है -<br>(क) लड़का<br>(ख) दिल्ली<br>(ग) कलम<br>(घ) बुढ़ापा<br>(ii) भाववाचक संज्ञा पहचानिए -<br>(क) शहर<br>(ख) गंगा<br>(ग) मिठास<br>(घ) त्रिभुज<br>(iii) मध्यम पुरुष सर्वनाम की पहचान कीजिए -<br>(क) मैं<br>(ख) हमलोग<br>(ग) तुम<br>(घ) वे लोग<br>(iv) मोहन अच्छा लड़का है, वाक्य में विशेषण की पहचान कीजिए -<br>(क) मोहन<br>(ख) अच्छा<br>(ग) लड़का | 4x1 = 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | (घ) है | |
| प्रश्न सं 4. | निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -<br>दीदी बोली, "सफ़ेद कण वास्तव में हमारे शरीर के वीर सिपाही हैं । जब रोगाणु शरीर पर धावा बोलने की कोशिश करते हैं तो सफ़ेद कण उनसे डटकर मुकाबला करते हैं और जहाँ तक हो संभव पाता है रोगाणुओं को भीतर घर नहीं करने देते । बस, संक्षेप में ये मान लो कि वे बहुत से रोगों से हमारी रक्षा करते हैं ।<br>और बिम्बाणुओं का काम है चोट लगने पर रक्त जमाव क्रिया में मदद करना । रक्त के तरल भाग प्लाज्मा में एक विशेष किस्म की प्रोटीन होती है जो रक्तवाहिका की कटी-फटी दीवार में जाले के सामान एक जाला बुन देती है । बिम्बाणु इस जाले से चिपक जाते हैं और इस तरह दीवार में आई दरार भर जाती है, जिससे रक्त बाहर निकालना बंद हो जाएगा ।" | 4x1 = 4 |
| | (i) हमारे शरीर का वीर सिपाही किसे कहा गया है?<br>(क) बिम्बाणु को<br>(ख) सफ़ेद कण को<br>(ग) रक्तवाहिका को<br>(घ) रोगाणु को<br>(ii) जब रोगाणु शरीर पर धावा बोलने की कोशिश करते हैं तो सफ़ेद कण क्या करता है?<br>(क) डटकर मुकाबला<br>(ख) एक जाला बुन देती है<br>(ग) चिपक जाते हैं<br>(घ) दरार भर देती है<br>(iii) चोट लगने पर रक्त जमाव क्रिया में मदद कौन करता है?<br>(क) सफ़ेद कण<br>(ख) रोगाणु<br>(ग) बिम्बाणु<br>(घ) रक्तवाहिका<br>(iv) रक्त के तरल भाग को क्या कहते हैं ?<br>(क) प्रोटीन<br>(ख) रक्तवाहिका<br>(ग) सफ़ेद कण<br>(घ) प्लाज्मा | |
| प्रश्न सं 5. | निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -<br>हम पंछी उन्मुक्त गगन के<br>पिंजरबद्ध न गा पाएँगे, | 4x1 = 4 |

| | | |
|---|---|---|
| | कनक- तीलियों से टकराकर<br>पुलकित पंख टूट जाएँगे।<br>हम बहता जल पीने वाले<br>मर जाएँगे भूखे-प्यासे,<br>कहीं भली है कटुक निबौरी<br>कनक-कटोरी की मैदा से।<br>(i) पक्षी कहाँ रहना चाहती है?<br>(क) पिंजरे में<br>(ख) खुले आसमान में<br>(ग) घोंसले में<br>(घ) खुले मैदान में<br>(ii) पिंजरे में पक्षी क्या नहीं कर पाती है?<br>(क) खा नहीं पाती है<br>(ख) सो नहीं पाती है<br>(ग) गा नहीं पाती है<br>(घ) रो नहीं पाती है<br>(iii) पिंजरे की तीली किससे बनी है ?<br>(क) सोने की<br>(ख) चाँदी की<br>(ग) लोहे की<br>(घ) पीतल की<br>(iv) चिड़िया को कौन सा जल पीना पसंद है?<br>(क) पिंजरे का<br>(ख) बारिश का<br>(ग) नदी का<br>(घ) समुद्र का | |
| प्रश्न सं 6. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -<br>(i) खून की कमी से होनेवाली बीमारी है -<br>(क) मलेरिया<br>(ख) हैजा<br>(ग) एनीमिया<br>(घ) चेचक<br>(ii) पापा खो गए पाठ में लेटर बॉक्स को सभी क्या कहकर पुकारते थे ?<br>(क) छोटा ताऊ | 2x1= 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) मोटा ताऊ<br>(ग) लाल ताऊ<br>(घ) काला ताऊ | |
| प्रश्न सं 7. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -<br>(i) स्वर्ण श्रृंखला के बंधन में पक्षी क्या भूल गया है ?<br>(क) गति और उड़ान<br>(ख) खाना और पीना<br>(ग) रोना और गाना<br>(घ) बोलना और सुनना<br>(ii) कठपुतली की क्या इच्छा है?<br>(क) मुझे मेरे पाँवों पर छोड़ दो<br>(ख) मुझे मेरे हाल पर छोड़ दो<br>(ग) मुझे मेरे घर छोड़ दो<br>(घ) मुझे मेरे गाँव छोड़ दो | 2x1= 2 |
| | **खंड ब (वर्णनात्मक प्रश्न )** | |
| प्रश्न सं 8 | निम्नलिखित व्याकरणिक प्रश्नों के उत्तर लिखिए -<br>(i) 'अंधकार' शब्द का विलोम शब्द लिखिए ।<br>(ii) 'अध्यापक' शब्द का स्त्रीलिंग लिखिए ।<br>(iii) 'नमक' शब्द का भाववाचक संज्ञा लिखिए ।<br>(iv) ताजे फल ले आओ । | 4x1 = 4 |
| प्रश्न सं 9 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -<br>(i) खून के तरल भाग को क्या कहते हैं?<br>(ii) रक्त की कमी के कारण कौन सी बीमारी होती है?<br>(iii) लाल ताऊ का असली नाम क्या है ?<br>(iv) 'मेरे तबियत लोहे की है जो मैं बीमार नहीं पड़ता' किसने कहा? | 4x1 = 4 |
| प्रश्न सं 10 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -<br>(i) पक्षी किसकी सीमा पाने की इच्छा रखती थी?<br>(ii) 'कनक कटोरी' किसे कहा गया है?<br>(iii) कठपुतली क्या चाहती है?<br>(iv) कठपुतली किससे बंधी है? | 4x1 = 4 |
| प्रश्न सं 11 | निम्नलिखित में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए -<br>(i) खून को भानुमती का पिटारा क्यों कहा गया है?<br>(ii) एनीमिया से बचने के लिए हमें क्या करना चाहिए ? | 4x2 = 8 |

| | | |
|---|---|---|
| | (iii) पेड़ और खंभे की दोस्ती कैसे हुई?<br>(iv) पापा खो गए पाठ में पेड़ को जाड़ा -गरमी नहीं लगने का क्या कारण है? | |
| प्रश्न सं 12 | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए -<br>(i) पक्षी किसमें विघ्न नहीं चाहती है?<br>(ii) चिड़िया के क्या-क्या अरमान थे ?<br>(iii) कठपुतली के क्रोध का क्या कारण था? | 3x2 = 6 |
| प्रश्न सं 13 | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए -<br>(क) आजादी का अमृत महोत्सव<br>(ख) प्रदूषण की समस्या<br>(ग) मेरा सबसे पसंदीदा त्योहार | 1x5 = 5 |
| प्रश्न सं 14 | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए -<br>अवकाश हेतु अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए ।<br>अथवा<br>अपने छोटे भाई को जन्मदिन पर बधाई देते हुए पत्र लिखिए । | 1x5 = 5 |